पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को नकल विहीन परीक्षाओं हेतु निर्देश दिये
नकल कराने वाले परीक्षा केन्द्र के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाय - राज्यपाल

लखनऊ: 1 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने समस्त राज्य विश्वविद्याल/प्राविधिक विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय/चिकित्सा विश्वविद्यालय/संस्थान को सत्र 2014-15 की परीक्षाएं शुचितापूर्ण, नकल विहीन परीक्षाएं समय से सम्पन्न कराने एवं परिणाम घोषित करने के संबंध में कार्यवाही कर मार्च प्रथम सप्ताह तक राजभवन को सूचित करने के निर्देश दिये हैं।

विश्वविद्यालयों/संस्थान को परीक्षाओं की तिथियाँ निर्धारित कर परीक्षा कार्यक्रम उपलब्ध कराने, परीक्षाएं नकल विहीन सम्पन्न कराने, नकल विहीन परीक्षाओं हेतु उड़ाका दल गठन करने तथा उड़ाका दल हेतु जिला प्रशासन से सहयोग लेने, परीक्षाओं की शुचिता के मद्देनजर समय से प्रवेश पत्र निर्गत करने एवं प्रवेश पत्र में त्रुटियों के निराकरण हेतु सेल गठित करने तथा परीक्षाओं के परिणाम समय से घोषित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में सामूहिक नकल कराने में लिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं परीक्षा केन्द्र के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के भी निर्देश राज्यपाल द्वारा दिये गये हैं।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा विश्वविद्यालयों में परीक्षाओं के संबंध में 5 जनवरी, 2015 को कुलपति-कुलसचिव बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में परीक्षाओं को समय से कराने, नकल विहिन परीक्षा कराने तथा ससमय परिणाम घोषित करने के संबंध में निर्णय लिये गये थे।